कार्यालय वनमंडलाधिकारी,पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

E-mail ID :: dfotwchwara@mp.gov.in Fax (07162)246996

क्रमांक/मा.चि./2021/ 2877 छिन्दवाड़ा दिनांक 29/6/21

प्रति,

मेसर्स

बिड़ला कार्पोरेशन लिमि. इंडस्ट्रीज हाउस 2

फलोर 159 चर्चगेट रिक्लिमेशन मुंबई

महाराष्ट्र

विषय :— वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत पश्चिम छिन्दवाड़ा सामान्य वनमंडल के परासिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ब्रम्हपुरी कोयला खदान में आरक्षित वन भूमि 32.475 हे0 , संरक्षित वन भूमि 29.181 हे. एवं राजस्व वन भूमि 88.442 हे. कुल 150.098 हे0 वनभूमि में भूमिगत उत्खनन का मेसर्स बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड सतना के पक्ष में प्रत्यावर्तन प्रस्ताव । Online Proosal FP/MP/MIN/51637/2020

संदर्भ :— प्रकरण ऑनलाईन FP/MP/MIN/51637/2020 प्राप्ति दिनांक 15.06.2021 एवं इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 2846 दिनांक 21.06.2021

— ※※※ —

विषयांकित संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि, पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा के वनपरिक्षेत्र परासिया के वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 710, पी 730 ए, पी 730 बी रकबा 61.656 हे0 एवं राजस्व वन भूमि रकबा 88.442 हे0 कुल रकबा 150.098 हे0 में ब्रम्हपुरी भूमिगत कोल ब्लाक हेतु प्रकरण ऑनलाईन प्रस्तुत किया गया है।

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2846 दिनांक 21.06.2021 से पंजीयन/प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रु. 2,05,000.00 की मांग की गई थी , जिसे संशोधित किया जाकर पुनः मांग पत्र भेजा जा रहा है।

अतः रकबा 150.098 हे0 प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क की राशि रु. 5,000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रु. 2,00,000.00 कुल राशि रु. 2,05,000.00 (दो लाख पांच हजार रूपये मात्र) को कोषालय के माध्यम से राजस्व मद मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष 0406 वानिकी ओर वन्य जीवन लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा कर ,चालान की एक प्रति कोषालय से सत्यापित कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

एवं निम्न बिंदुओं पर स्थल निरीक्षण प्रस्तुत करें :—

1. प्रस्तावित क्षेत्र का सर्वे सीमांकन मय पिल्लर सहित किया जाना है। आवेदित स्थल का वनपरिक्षेत्राधिकारी परासिया के साथ मिलकर संयुक्त स्थल निरीक्षण करें।
2. प्रस्तावित क्षेत्र की के.एम.एल. फाईल एवं जियों रिफरेंस मेंप साफट कापी में प्रस्तुत करें।
3. प्रत्येक वन कक्ष का पृथक—पृथक रकबे का उल्लेख कर प्रस्तुत करें।

4. यदि आपके द्वारा उपरीतल का उपयोग किया जाना है तो प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची मय गोश्वारा सहित संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रस्तुत करें।
5. भूमिगत खदान में प्रवेश हेतु मोहरा वनभूमि का उपयोग किंया जावेगा स्पस्ट करें।
6. राजस्व वन भूमि रकबा 88.442 हे0 का पृथक—पृथक खंसरेवार रकबा का उल्लेख करें।

25/6

वनमण्डलाधिकारी
पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमण्डल, छिन्दवाड़ा

पृ.क./मा.चि./2021/ 2878 छिन्दवाड़ा दिनांक/ 28/6/21

प्रतिलिपि :— (1) मुख्य वन संरक्षक छिन्दवाड़ा वन वृत्त छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

(2) उपवनमंडलाधिकारी परासिया सा0 उपवनमंडल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

(3) वनपरिक्षेत्राधिकारी परासिया वनपरिक्षेत्र की ओर सूचनार्थ अग्रेषित। कृपया प्रस्तावित ब्रम्हपुरी भूमिगत कोल ब्लाक हेतु वन कंक्ष कमांक आर.एफ. 710, पी 730 ए, पी 730 बी रकबा 61.656 हे0 एवं राजस्व वन भूमि रकबा 88.442 हे0 कुल रकबा 150.098 हे0 वन भूमि उपयोग में लिया जाना प्रस्तावित है। उक्त वन कक्षों में कौन—कौन से वन्यप्राणी पाये गये है एवं वन्यप्राणियों द्वारा कितने पशु हानि के प्रकरण प्रकाश में आये है का प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करें।

वनमण्डलाधिकारी
पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमण्डल, छिन्दवाड़ा